Class iv-B

अभ्यास प्रश्न

प्रश्नः

निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग करते हुए दोबारा लिखिए

1. लोगों ने मिस्टर शर्मा को एम पी चुन लिया
2. सुभाष चंद्र बोस ने कहा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा
3. क्या प्रधानाचार्य आज नहीं आए हैं
4. तुलसी ने रामचरित मानस में लिखा है परहित सरसि धर्म नहिं भाई
5. तुम कौन हो कहाँ रहते हो क्या करते हो यह सब मैं

6. बूढ़े ने डॉक्टर चड्ढा से कहा इसे एक नज़र देख लीजिए शायद बच जाए
7. कामायनी कवि जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध कृति है
8. उस कवि सम्मेलन में रामधारी सिंह दिनकर, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जैसे कई महान कवि आए थे
9. वसंत ऋतु के त्योहार होली वसंत पंचमी वैसाखी हमें उल्लास से भर जाते हैं
10. हाय फूल सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी
11. क्या कहा तुम अनुत्तीर्ण हो गए
12. रोहन 125 राजौरी गार्डन दिल्ली में रहता है
13. यह पत्र 25 जुलाई 2014 को लिखा गया है
14. बचो बचो सामने से साँड आ रहा है
15. सुमन तुमने कितना स्वादिष्ट खाना बनाया है

2.

उत्तरः

1. लोगों ने मि. शर्मा को एम.पी. चुन लिया है।
2. सुभाष चंद्र बोस ने कहा, "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।"
3. "क्या आज प्रधानाचार्य नहीं आए हैं?"
4. तुलसी ने 'रामचरित मानस' में लिखा है-'परहित सरसि धर्म नहिं भाई'।
5. तुम कौन हो, कहाँ रहते हो, क्या करते हो, यह सब मैं क्यों पूछूं ?
6. बूढ़े ने डॉ. चड्ढा से कहा, "इसे एक नज़र देख लीजिए, शायद बच जाए।"
7. 'कामायनी' कवि जयशंकर प्रसाद की प्रसिद्ध कृति है।
8. उस कवि सम्मेलन में रामधारी सिंह 'दिनकर', सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जैसे कई महान कवि आए थे।

9. वसंत ऋतु के त्योहार (होली, वसंत पंचमी, बैसाखी) हमें उल्लास से भर जाते हैं।
10. हाय! फूल-सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी।
11. क्या कहा, तुम अनुत्तीर्ण हो गए!
12. रोहन 125, राजौरी गार्डन, दिल्ली में रहता है।
13. यह पत्र 25 जुलाई, 2014 को लिखा गया है।
14. बचो बचो! सामने से साँड आ रहा है।
15. सुमन, तुमने कितना स्वादिष्ट खाना बनाया है।